अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**23 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

### USEFUL FOR

IAS | PCS

BANK | SSC

RAILWAY

S-TET | UPSI

STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

## 1. महाराष्ट्र सरकार ने रतन टाटा को दिया उद्योग रत्न अवार्ड



- महाराष्ट्र सरकार ने टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को राज्य के पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया।
- राज्य सरकार ने यह पुरस्कार इस साल पहली बार दिया है।
- महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस मौके पर उद्योग रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली बार शुरू किया गया। पहला पुरस्कार हमें रतन टाटा को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।
- **उद्योग रत्न पुरस्कार के बारे में**
- उद्योग रत्न पुरस्कार एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो महाराष्ट्र के उत्कृष्ट उद्योगपतियों की उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।
- यह राज्य के आर्थिक विकास में इन व्यक्तियों के योगदान का एक प्रमाण है।
- इस पुरस्कार का नाम संस्कृत शब्द "उद्योग" पर रखा गया है, जिसका अर्थ है "उद्यम" या "उद्योग"।

## 2. INS वागिर ने सबसे लंबे समय तक स्कॉर्पीन सबमरीन की तैनाती का बनाया रिकॉर्ड



- भारतीय नौसेना की पनडुब्बी, INS वागिर ने एक प्रभावशाली मील का पत्थर हासिल करके इतिहास रचा है – अब यह किसी भी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी की सबसे लंबे समय तक तैनाती का रिकॉर्ड रखती है।
- पनडुब्बी ने संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा में 7,000 किलोमीटर की आश्चर्यजनक दूरी तय की, जो नौसैनिक कौशल और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था।

## 3. तमिलनाडु की मैटी केला को जीआई टैग मिला



- तमिलनाडु के कन्याकुमारी ज़िले की मूल किस्म मैटी केला (मैटी बनाना) को हाल ही में इसकी अनूठी विशेषताओं और गुणों के लिये भौगोलिक संकेत (GI) टैग दिया गया। मैटी केला भारत के तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले की एक प्रसिद्ध केले की किस्म है।
- **इसे 'बेबी बनाना' भी कहते है**
- इस केले को आमतौर पर 'बेबी बनाना' के नाम से जाना जाता है। कन्याकुमारी की विशिष्ट जलवायु और मृदा में इसका उपयुक्त विकास होता है। मैटी केला आमतौर पर 2.5 से 3 सेमी लंबा होता है।

## 4. राहुल द्रविड़ को भारत पेट्रोलियम का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।




- भारतीय तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने राहुल द्रविड़ को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की।
- राहुल द्रविड़ बीपीसीएल की प्योर फॉर श्योर पहल और एमए लुब्रीकेंट सीरीज का समर्थन करेंगे।

- कंपनी का मानना है कि बीपीसीएल के चेहरे के रूप में राहुल द्रविड़ का परिचय उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

**5. एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री सीखो - कमाओ योजना का उद्घाटन करेंगे।**




- मुख्यमंत्री सीखो - कमाओ योजना का कार्यान्वयन 22 अगस्त 2023 से शुरू हो रहा है।
- इस योजना ने कौशल विकास के साथ-साथ सीखो और माओ की तर्ज पर नौकरी पर प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की है।
- मुख्यमंत्री युवाओं को अनुबंध पत्र बांटकर योजना का शुभारंभ करेंगे।
- 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ' योजना के पहले चरण में एक लाख युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य है।
- हालाँकि, अब तक 8,69,000 से अधिक युवा अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

**6. सीमा सड़क संगठन ने पूर्वी लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर सड़क का निर्माण शुरू किया।**




- सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लद्दाख में एलएसी के पास 19,400 फीट की ऊंचाई पर सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है।
- लिकारू-मिग ला-फुक्चे सड़क 64 किलोमीटर लंबी होगी।
- यह लिका को फुक्चे से जोड़ेगा।
- यह दुनिया की सबसे ऊंची मोटर सड़क होगी।

**7. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**



- भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) ने भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- इसके तहत 2023-24 के लिए 4,350 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है.
- IREDA, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन एक मिनी रत्न कंपनी है.

**8. आर प्रगनानंद ने रचा इतिहास, शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले बने दूसरे भारतीय खिलाड़ी**



- 18 वर्षीय भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर प्रगनानंद, विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं.
- आर प्रगनानंद ने सेमीफाइनल में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना को हराया.
- फाइनल में उनका मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से होगा.
- आर प्रगनानंद शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए है.

**9. ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है**



- दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में 22 अगस्त से 24 अगस्त के बीच जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जा रहा है.
- भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी इसमें भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंच चुके है.
- कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन वर्षों की वर्चुअल बैठकों के बाद यह पहला व्यक्तिगत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है.
- पहली ब्रिस्क समिट वर्ष 2009 में आयोजित की गयी थी.
- ब्राजील, रूस, भारत और चीन इसके संस्थापक सदस्य हैं.

**10. नितिन गडकरी ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) को लांच किया**



- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य भारत में 3.5 टन तक के वाहनों के लिए वाहन सुरक्षा मानकों को बढ़ाकर सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है.
- यह असेसमेंट प्रोग्राम 1 अक्टूबर 2023 से शुरू होगा और ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड (एआईएस) 197 पर आधारित होगा.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हाल ही में किस राज्य सरकार ने टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को राज्य के पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया?**
(a) महाराष्ट्र
(b) राजस्थान
(c) गुजरात
(d) उत्तर प्रदेश

**2. भारतीय नौसेना की किस पनडुब्बी ने सबसे लंबे समय तक स्कॉर्पीन सबमरीन की तैनाती का रिकॉर्ड बनाया?**
(a) INS विक्रांत
(b) INS कलवरी
(c) INS विराट
(d) INS वागिर

**3. मैटी केला (मैटी बनाना) को हाल ही में इसकी अनूठी विशेषताओं और गुणों के लिये भौगोलिक संकेत (GI) टैग दिया गया**
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) झारखण्ड
(d) इनमे से कोई नही

**4. भारत पेट्रोलियम का ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) अक्षर पटेल
(b) अक्षय कुमार
(c) राहुल द्रविड़
(d) रोहित शर्मा

**5. मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
1. इसे 18 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए शुरू किया गया है।
2. इस योजना के तहत चयनित युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
3. चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ 8 से 10 हजार रुपये का वेतन भी मिलेगा।
निम्नलिखित कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें।
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**6. सीमा सड़क संगठन ने किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर सड़क का निर्माण शुरू किया?**
(a) लद्दाख
(b) मणिपुर
(c) अरुणाचल प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश

**7. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी ने किस मंत्रालय के साथ एक एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.**
(a) शिक्षा मंत्रालय
(b) खान मंत्रालय
(c) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
(d) रक्षा मंत्रालय

**8. शतरंज विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय कौन बने है?**
(a) कृष्णन शशिकिरण
(b) निहाल सरीन
(c) आर प्रगनानंद
(d) पेंताला हरिकृष्णा

**9. ब्रिक्स समूह का 15वां शिखर सम्मेलन किस देश की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है?**
(a) ब्राजील
(b) भारत
(c) चीन
(d) दक्षिण अफ्रीका

**10. भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) को किसने लांच किया?**
(a) अमित शाह
(b) राजनाथ सिंह
(c) नितिन गडकरी
(d) स्मृति ईरानी

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (d) | (b) | (c) | (d) | (a) | (c) | (c) | (d) | (c) |